# Department of History

## Annual Report (2022-23)

इतिहास के अंतर्गत हम जिस विषय का अध्ययन करते हैं उसमें अब तक घटित घटनाओं या उससे संबंध रखनेवाली घटनाओं का कालक्रमानुसार वर्णन होता है। दूसरे शब्दों में मानव की विशिष्ट घटनाओं का नाम ही इतिहास है। या फिर प्राचीनता से नवीनता की ओर आने वाली, मानवजाति से संबंधित घटनाओं का वर्णन इतिहास है। इतिहास समय के साथ परिवर्तन का अध्ययन है, और इसमें मानव समाज के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, चिकित्सा, सांस्कृतिक, बौद्धिक, धार्मिक और सैन्य विकास सभी इतिहास का हिस्सा हैं।

इतिहास विभाग छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, सीखने के बेहतर अवसर प्रदान करने एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास करने हेतु प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

1. 11 से 17 अगस्त 2022 को इतिहास विभाग द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह मनाया गया। जिसके अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान मे निबंध लेखन, छात्राओं द्वारा रैली निकालना, शपथ ग्रहण करना, रंगोली बनाना आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 15 अगस्त को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।
2. 26 अप्रैल 2023 को एम.ए. इतिहास प्रथम वर्ष एवं 28 अप्रैल 2023 को एम.ए. इतिहास द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने पाठ्यक्रम से संबंधित अलग-अलग विषयों पर बहुत ही आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पी.पी.टी बनाकर अपनी अपनी प्रस्तुति दी।
3. 5 मई 2023 को महात्मा बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर
   - बुद्ध प्रतिमा को माल्यार्पण
   - पौधारोपण
   - शपथ ग्रहण
   - पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा कुसुम ने प्रथम स्थान छात्रा शीतल ने द्वितीय स्थान छात्रा चारुल ने तृतीय स्थान एवं छात्रा नेहा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

4. 20 मई 2023 को इतिहास विभाग द्वारा महाराणा प्रताप जयंती(22 मई 2023) मनाई गई। इस अवसर पर 20 मई 2023 को प्रात:09.30 बजे  कार्यक्रम का आयोजन पास के लखमीरवाला गांव में  किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के इतिहास विषय की 50 छात्राओं ने भाग लिया। लखमीरवाला गाँव के सरकारी स्कूल में महाविद्यालय की प्रत्येक छात्रा द्वारा एक-एक पौधा रोपित करते हुए 50 पौधे लगाएं गए। डॉ रश्मि के द्वारा  सरकारी स्कूल के अध्यापक- अध्यापिकाओं, स्कूल के छात्र-छात्राओं, गांव के सरपंच व गणमान्य लोग एवं महाविद्यालय की 50 छात्राओं को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेते हुए देशभक्ति की शपथ दिलवाई एवं इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उस महान देशभक्त और बलिदानी के विषय में आम जन को अवगत करवाना है जिसने नि:स्वार्थ भाव से मातृभूमि की रक्षा की।
5. 25 मई 2023 को इतिहास विभाग द्वारा महान क्रांतिकारी रासबिहारी बोस की जयंती मनाई गई।रासबिहारी बोस की जयंती पर इतिहास विभाग से डॉ रश्मि ने छात्राओं को ऑनलाइन मोड (गूगल मीट) के द्वारा व्याख्यान दिया, जिसमें रासबिहारी बोस जी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला गया तथा उन्होंने छात्राओं को अपने भारतीय इतिहास के उन व्यक्तित्व को पढ़ने की अपील की जिन के विषय में कम लिखा गया है परंतु देश के प्रति उनका योगदान अमूल्य है । इस कार्यक्रम में यू.जी. ,पी.जी. की छात्राओं एवं इतिहास विभाग की प्राध्यापिकाओ श्रीमती सोनी गोयल ,श्रीमती रेखा एवं कुमारी अंजू  ने भाग लिया।



**डॉ. रश्मि**
**इतिहास विभागाध्यक्षा**